**QUICK NEWS**

## साधु ने मंदिर में की आत्महत्या

मुंबई. घाटकोपर इलाके की जैन मंदिर में 71 वर्षीय एक साधु मनोहर लाल मुनि महाराज ने बुधवार की रात मंदिर में कथित तौर पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली. पुलिस के अनुसार मौके से एक 'सुसाइड नोट' मिला है. जिसमें साधु ने कथित तौर पर लिखा है कि उनके गुरु उनके सपने में आए थे और उनसे वापस आने को कहा है, क्योंकि पृथ्वी पर उनका काम अब पूरा हो गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. पुलिस के मुताबिक उनकी लाश मंदिर के एक कमरे में छत के पंखे से लटकी हुई मिली. मुनि की मौत से जैन समाज के लोगों में हड़कंप मच गया.

## जुए के अड्डे पर पुलिस की रेड

मुंबई. पार्कसाइट पुलिस ने देर रात गीता पैलेस के बगल की रोड नंबर 6, विक्रोली (प.) इलाके में छापा मार 9 जुआरियों को तीन पत्ती ताश (जुआ) खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. जबकि इस मामले में मुख्य आरोपी आहद अब्दुल हक फरार होने में सफल रहा. पुलिस ने इनके पास से 19,800 नकद रूपए भी बरामद किया है. पार्कसाईट पुलिस स्टेशन की वरिष्ठ महिला पुलिस निरीक्षक जुबेदा शेख ने बताया कि गुप्त सूचना पर हमने कार्रवाई की है और विभिन्न धाराओं के तहत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी उम्र 26 साल से 57 के बीच की है. जांच पुलिस उप निरीक्षक अनिल शेलके कर रहे हैं.

# स्लम छोड़ने को तैयार नहीं कोरोना

## केवल 36 फीसदी स्लम ही कोरोना मुक्त

**75%** इमारतें हुई कोरोना मुक्त

**5700** मुंबई के फ्लोर सील

■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. एक समय मुंबई की इमारतों में आतंक मचाने वाला कोरोना अब वहां से अलविदा ले रहा है. जबकि दूसरी ओर कोरोना मुंबई के स्लम यानी झुग्गी- झोपड़ियों को छोड़ने के लिए फिलहाल तो तैयार नहीं दिख रहा है. पिछले 25 दिनों में 75 फीसदी इमारतें कोरोना मुक्त हुई है. जबकि शहर के केवल 36 फीसदी स्लम ही कोरोना मुक्त हो पाए हैं.



### सबसे ज्यादा फ्लोर सील

| क्षेत्र | फ्लोर |
|---|---|
| कांदिवली | 1384 |
| गोरेगांव | 814 |
| अंधेरी (प) | 727 |
| मुलुंड | 556 |
| अंधेरी (पू) | 427 |
| ग्रांट रोड | 367 |
| मालाड | 320 |

### सबसे ज्यादा प्रभावित

| क्षेत्र | इमारतें सील |
|---|---|
| अंधेरी वेस्ट | 81 |
| बांद्रा | 52 |
| ग्रांट रोड | 52 |
| चेंबूर (प) | 25 |
| भायखला | 20 |
| कुर्ला | 18 |
| चेंबूर (पू) | 13 |

### स्लम की तुलना में इमारतों में अधिक केस

24 अप्रैल को मुंबई के 122 स्लम सील थे, जिसकी संख्या घटकर अब भी 78 है. मनपा स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्लम की तुलना में इमारतों में अधिक केस मिले हैं, लेकिन सोसाइटी के चेयरमैन, सेक्रेटरी को हमने आगाह किया है कि यदि कोरोना प्रोटोकॉल के नियमों का पालन नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी. वहीं दूसरी ओर स्लम में कोरोना इसलिए टीका हुआ है क्योंकि कि एक ही कमरे में कई लोग रहते है, एक से दूसरे में संक्रमण का खतरा अधिक रहता है. पिछली बार पुलिस की तैनाती भी थी तो लाठी के डर से लोग बाहर भी नहीं निकलते थे, लेकिन अब वैसा नहीं है.

### स्लम में कोरोना की पकड़

| क्षेत्र | स्लम सील |
|---|---|
| कांदिवली | 17 |
| चेंबर (पू) | 15 |
| अंधेरी (पू) | 15 |
| कुर्ला | 7 |
| दहिसर | 5 |
| भायखला | 5 |
| भांडुप | 4 |

मनपा के नियम के मुताबिक यदि एक इमारत में 5 लोग से अधिक संक्रमित पाए जाते है तो पूरी इमारत सील कर दी जाती है अन्यथा केवल जिस फ्लोर पर मरीज मिले है उन्ही फ्लोर को सील किया जाता है. 19 मई तक मुंबई के 5700 फ्लोर सील थे.

### अभी और लगेगा वक्त

मुंबई में जब कोरोना की दूसरी लहर उठी तो सबसे अधिक मामले इमारतों से मिल रहे थे. शहर की सैंकड़ो इमारतों से इतने पॉजिटिव मरीज मिल रहे थे कि पूरी इमारत को कंटेंमेंट जोन घोषित कर सील करना पड़ा, लेकिन अब कोरोना की लहर शांत हो रही है. जितनी तेजी से कोरोना इमारतों में बढ़ रहे थे उतनी ही तेजी से घटे भी है. 24 अप्रैल को मुंबई के 1,211 इमारतों को सील कर कंटेंमेंट जोन घोषित किया गया था, यह आंकड़ा 19 मई को घटकर 305 पर आ गया है.

**शेलार की अधिकारियों से अपील**

# संवेदनशीलता के साथ करें पंचनामा

■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. चक्रवाती तूफान की वजह से पालघर जिले के किसानों एवं मछुआरों का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है. डहाणू के चीकू, आम, केला एवं मिरची उत्पादक पूरी तरह से उध्वस्त हो गए हैं. घरों के छत उड़ गए हैं. इसको देखते हुए पंचनामा करते समय अधिकारी संवेदनशीलता दिखाएं. इस तरह की अपील भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री आशीष शेलार ने की है.शेलार ने गुरुवार को पालघर जिले के विभिन्न इलाकों का दौरा कर तूफान से हुए नुकसान का जायजा लिया.इस अवसर पर भाजपा विधायक एवं डहाणू की पूर्व नगराध्यक्ष मनीषा चौधरी भी मौजूद थीं.



भाजपा नेता शेलार ने डहाणू में चीकू उत्पादक किसानों से मुलाकात कर दो दिवसीय दौरे की शुरुआत की. चीकू उत्पादक किसानों ने बताया कि चीकू का फल तैयार होने में 9 माह का समय लगता है. इस समय फल लग रहा था तूफान से सबकुछ बर्बाद हो गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान ट्रेन शुरु किया है. इसकी वजह से चीकू किसानों को काफी सुविधा हुई थी.


**FOOD CORPORATION OF INDIA**
**भारतीय खाद्य निगम**
**निविदा सूचना**

भारतीय खाद्य निगम, महाप्रबंधक (महाराष्ट्र) के लिये एवं उनकी ओर से, **तुर्भे - भिवंडी / कल्याण - भिवंडी हेतु हैंडलिंग और ट्रांसपोर्ट ठेकेदार** की नियुक्ति के लिए **ई-निविदा** प्रक्रिया के माध्यम से **दो बोली प्रणाली अंतर्गत** ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र तथा विवरणात्मक एनआईटी "**www.fci.gov.in**"तथा "**www.eprocure.gov.in**" पर देखी जा सकती है।



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**लोकमान्य तिलक मनपा सर्वसाधारण अस्पताल, सायन**

**ई-निविदा सूचना**

**क्र. एलटीएच/52/आर, दि. 19.05.2021**

यह एक ई-निविदा सूचना है. बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | बयाना रकम जमा (ईएमडी)-रु. | ई-निविदा मूल्य रु. | बोली आरंभिक तिथि एवं समय | बोली समापन तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | एल.टी.एम.जी. अस्पताल में पुराने आरएमओ क्वार्टर्स का इलेक्ट्रीकल ऑडिट तथा अन्य कार्य. **(बोली क्र. 7100209483)** | 20,000/- | 2000/- प्लस 5% जीएसटी | 21.05.2021 को सुबह 10.30 बजे (1030 बजे) | 28.05.2021 को सायं 4.00 बजे (1600 बजे) |

बोलीकर्ता को निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग से पूर्व ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के जरिये उपरोक्त सारिणी में निर्दिष्ट अनुसार "ई-निविदा मूल्य" का भुगतान करना होगा.

सभी बोलीकर्ता जिनमें एमसीजीएम में पंजीकृत बोलीकर्ता भी शामिल हैं और जिन्होंने स्थायी जमाराशि का पहले ही भुगतान कर लिया है, उन्हें बृहन्मुंबई महानगरपालिका को ईएमडी का भुगतान करना होगा. निविदाकर्ता को ऑनलाइन बोली जमा करने के साथ ही एमसीजीएम के एसआरएम पोर्टल /ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के जरिये निर्दिष्ट रकम की ईएमडी का भुगतान करना होगा.

**टिप्पणी : ए) उपरोक्त निविदा के योग्यता मापदंडों की जानकारी हेतु http://www.mcgm.gov.in पर मनपा वेबसाइट पर अपलोडेड ई-निविदा सूचना का अवलोकन करें.**

**बी) बोलीकर्ताओं को पूर्व-अर्हता अनुसूची में निर्दिष्ट जानकारी के संबंध में दस्तावेजी प्रमाण अपलोड करने होंगे.**

इच्छुक निविदाकर्ता, निविदा की अधिक जानकारी के लिये http://www.mcgm.gov.in पर मनपा वेबसाइट का अवलोकन करें.

**निविदा दस्तावेज डाक से भेजे अथवा स्वीकार नहीं किये जायेंगे.**

हस्ता./-
डीन
एल.टी.एम.जी. अस्पताल

पीआरओ/336/विज्ञा./2021-22

हल्का सा भी बुखार आये, तो डॉक्टर से अवश्य संपर्क करें


# दूसरी लहर मानवीय संकट

## सबसे बुरा दौर बीतने का अनुमान



फाइल फोटो

■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. जापान की ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने कहा कि भारत में कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर आर्थिक नहीं बल्कि मानवीय संकट है और इसका सबसे बुरा दौर बीतने का अनुमान है.नोमुरा ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसे उम्मीद है कि अप्रैल-जून तिमाही के दौरान वृद्धि पर इसका असर पिछले साल की तुलना में बहुत कम होगा. ब्रोकरेज फर्म ने अनुमान जताया कि मार्च तिमाही की तुलना में जून तिमाही में अर्थव्यवस्था में सिर्फ 3.8 प्रतिशत संकुचन होगा.

### टीकाकरण की रफ्तार धीमी

नोमुरा ने कहा कि लॉकडाउन इस बार अधिक बारीक है और इसमें उपभोक्ताओं तथा व्यवसायों का ध्यान रखा गया है."नोमुरा ने कहा कि मौजूदा लॉकडाउन छह और सप्ताह तक जारी रह सकता है. ब्रोकरेज कंपनी के मुताबिक टीकाकरण की रफ्तार इस समय धीमी है, लेकिन जून के बाद इसकी गति बढ़ेगी. नोमुरा ने उम्मीद जताई कि 2021 के अंत तक आधी आबादी का टीकाकरण पूरा हो जाएगा और तीसरी तिमाही में घरेलू खपत में इजाफा होगा. नोमुरा ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अपने 10 .8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि अनुमान को बरकरार रखा है.

# पानी के विवाद में एक की मौत

नालासोपारा. तुलिंज पुलिस स्टेशन के बिलालपाडा इलाके में पानी भरने को लेकर हुए झगड़े में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो युवक बुरी तरह जख्मी हुए हैं. पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि शेष की तलाश जारी है. जानकारी के अनुसार नालासोपारा (पू.) के बिलालपाडा स्थित आजाद वेलफेयर सोसायटी निवासी याकूब यासीन इदरीसी (45) का कुछ दिन पहले चॉल में ही रहने वाले कुछ लोगों से पानी भरने को लेकर विवाद हुआ था. बीतें रविवार की देर रात इदरीसी घर पर फुलवर, गुड्डू उर्फ अशरफ, समशेर, हसरत, असलम, सनी उर्फ रहमान, रेहान, अजीत व एक युवक आए और इदरीसी से मारपीट करने लगे. इस बीच झगड़े को छुड़ाने के लिए इमरान व जुनैद वहां पहुंचे, तभी हमलावरों ने चाकू से इमरान पर कई बार हमला कर दिया. जिससे इमरान की मौत हो गई, और जुनैद व याकूब गम्भीर रूप से जख्मी हो गए.


**Maharashtra Rural Road Development Association**

**Superintending Engineer, Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana,**
**Amravati Region, Amravati**
**PRESS NOTICE**

**NOTICE INVITING BIDS**
**e-Tender Notice No.18 /2021-22 (3rd Call)**

The Superintending Engineer, PMGSY, Amravati Region, Amravati on behalf of Government of Maharashtra invites the item rate bids in electronic tendering system for improvement of road under Mukhya Mantri Gram Sadak Yojana in the districts of Buldana for following Packeges including their maintenance for five years from the eligible contractors registered with Govt. of Maharashtra, Public Works Department (PWD)/ Rural Development Department (RDD), or Non-registered contractors.

| S. No | District | Block | Package No. | No. of Works | Total Length |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Buldana | Nandura | ADB-BUL-09 (3rd Call) | 5 | 11.60 |
| 2 | Buldana | Jalgaon Jamod | ADB-BUL-10 (3rd Call) | 4 | 5.98 |
| 3 | Buldana | Sindkhed Raja | ADB-BUL-13 (3rd Call) | 5 | 10.55 |

Date of release of Invitation for Bids for District Buldana, through e-procurement: 21st May 2021

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://mahatenders.gov.in. The bidder would be required to register in the web site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Last Date/Time for receipt of online bids for district Amravati, through e-procurement: 2nd June 2021 Upto 17.30 hours

For further details please log on to https://mahatenders.gov.in

(P.R.Khawale)
Superintending Engineer
Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana
Amravati Region, Amravati


# गोवंडी से 11 वर्षीय लड़का लापता



■ मुंबई, (सं.) देवनार पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है. पुलिस के मुताबिक अज्ञात आरोपी पर आरोप है कि इसने गोवंडी के 11 साल के लड़के को बहला फुसलाकर ले गया है जिसकी जांच पुलिस कर रही है. जांच अधिकारी पुलिस उप निरीक्षक प्रशांत कांबळे ने बताया कि लापता लड़के का नामरेहान गफार शेख (11) है और यह गोवंडी में गौतम नगर की निसर्ग सोसायटी में अपने परिवार के साथ रहता है. 18 मई की रात 8 बजे से यह लापता है और इसकी मां की शिकायत पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर इसकी तलाश कर रही है.

**मामला** सिंह व शर्मा पर व्यवसायी को फंसाने का आरोप

# परमबीर-प्रदीप पर FIR!

■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. मुंबई के पूर्व आयुक्त परमबीर सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार की एक के बाद एक शिकायतें आ रही है. भोपाल के व्यवसायी मुनीर खान ने सीआईडी में सिंह व पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा पर अपहरण के एक मामले में फंसा कर रंगदारी वसूलने का आरोप लगाया है. इससे पहले सिंह के खिलाफ सीआईडी भ्रष्टाचार के दो मामले की जांच कर रही है. इन मामलों में सीआईडी ने शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए हैं.





### अपहरण का आरोप

भोपाल के रहने वाले व्यवसायी मुनीर खान का आरोप है कि जब वह दुबई में थे, तो भारत में हुए एक अपहरण के मामले में उन्हें फंसाया गया. खान के मुताबिक ठाणे पुलिस के हफ्ता निरोधक दस्ते ने साल 2018 में एक क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने का मामला दर्ज किया था. इस मामले में बुकी सोनू जालान और अन्य को आरोपी बनाया गया था. इस मामले में उन्हें भी आरोपी बनाया गया था. कुछ महीने बाद उनके खिलाफ अपहरण का आरोप लगा दिया गया. पुलिस ने इस मामले में उन पर मकोका लगा दिया. उस समय ठाणे हफ्ता निरोधक दस्ते के प्रमुख प्रदीप शर्मा थे.

### अदालत से मिली अग्रिम जमानत

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 22 जनवरी 2018 को उसका अपहरण किया गया था. इस मामले में मुनीर खान को भी आरोपी बनाया गया था. मुनीर खान का कहना है कि वह 9 जनवरी 2018 से 29 जनवरी 2018 तक दुबई में थे. उन्होंने अदालत में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की. अदालत से उन्हें अग्रिम जमानत मिल गयी थी. अदालत ने यह भी सवाल उठाया था कि क्या दुबई में रह कर किसी व्यक्ति का भारत में अपहरण किया जा सकता है.

### मुनीर खान का बयान दर्ज

सीआईडी ने मुनीर खान का बयान दर्ज किया. उन्होंने सीआई अधिकारियों को बताया कि उनसे पैसे कैसे मांगे गए, किसने पैसे मांगे, किसकी तरफ से पैसे मांगे, इसमें परमबीर सिंह और प्रदीप शर्मा की क्या भूमिका थी? क्रिकेट बुकी सोनू जालान ने कुछ दिन पहले पुलिस महानिदेशक संजय पांडे से लिखित में शिकायत की थी. पांडे ने सीआईडी को परमबीर सिंह के खिलाफ आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है.


**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**
**कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400 021.**

**सूचना**

एततद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक की नीचे उल्लिखित प्रतिभूतियों के शेयर/बांड प्रमाणपत्र इनके पंजीकृत धारकों/भावी धारकों द्वारा हस्तांतरण विलेखों के विधिवत निष्पादन के बाद/के बिना खो गए हैं/लापता हो गए हैं. उन्होंने बैंक से इनके डुप्लीकेट प्रमाणपत्र अपने नाम जारी करने का अनुरोध किया है. यदि किसी व्यक्ति का इन शेयरों/बांडों पर दावा है तो वे अपनी दावेदारी बैंक के ट्रांस्फर एजेंट मेसर्स अलंकित असाइनमेन्ट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्पलेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110 055, (ईमेल पता: sbi.igr@alankit.com) को इस सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर दर्ज करा सकते हैं, अन्यथा बैंक बिना किसी अगली सूचना के इन शेयरों/बांडों के डुप्लीकेट प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर देगा.

**भारतीय स्टेट बैंक**

| क्र. सं. | फोलियो सं. | धारक(कों) का नाम | शेयरों की संख्या | प्रमाणपत्र संख्या से | प्रमाणपत्र संख्या तक | विशिष्ट संख्या से | विशिष्ट संख्या तक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 00885876 | हरीहरन अय्यर, वत्सला अय्यर | 30 | (94385)* | (94385)* | (7396315621)* | (7396315650)* |
| 2 | 07117270 | हरीहरन अय्यर | 600 | (234444)* | (234444)* | (7462821191)* | (7462821790)* |
| 3 | 07405644 | जयचंद्रन कुट्टीक्कट | 440 | (6206328)* | (6206328)* | (8011488401)* | (8011488840)* |
| 4 | 07109880 | दीपक कुमार सेन | 800 | (231214)* | (231214)* | (7461390241)* | (7461391040)* |
| 5 | 00811426 | दीपक कुमार सेन | 630 | (67192)* | (67193)* | (7389536491 )* | (7389537120)* |
| 6 | 07507094 | पी दुर्गादासन | 280 | (6307156)* | (6307156)* | (8059430153)* | (8059430432)* |
| 7 | 07400154 | एलिज़ाबेथ सूजा जेकब के, रीजन के मैथ्यूज़, रियाना मैथ्यूज़ | 528 | (6200924)* | (6200924)* | (8009181811)* | (8009182338)* |
| 8 | 07527970 | राजेश केआर अग्रवाल | 140 | (6327978)* | (6327978)* | (8064910161)* | (8064910300)* |
| 9 | 07118392 | कुलकर्णी विलास एम | 400 | (234890)* | (234890)* | (7463019871)* | (7463020270)* |
| 10 | 00910409 | टीवी कृष्ण मूर्ती, सावित्री कृष्णमूर्ती | 820 | (103408)* | (103409)* | (7398476191)* | (7398477010)* |
| 11 | 03221688 | विलास दुन्दप्पा भोसले | 500 | (216696)* | (216696)* | (7455772921)* | (7455773420)* |
| 12 | 00781009 | क्रांतिकुमार गुप्ता, पुष्पलता गुप्ता | 30 | (55264)* | (55264)* | (7386602471)* | (7386602500)* |
| 13 | 00800875 | दिलीप कुमार पारे, सिन्धु पारे | 630 | (62065)* | (62066)* | (7388203731)* | (7388204360)* |
| 14 | 00714108 | ई वीरन, एम आनंदवल्ली वीरन | 500 | (30960)* | (30960)* | (7380455401)* | (7380455900)* |
| 15 | 00910018 | जी रत्ना | 30 | (103293)* | (103293)* | (7398447151)* | (7398447180)* |
| 16 | 00837383 | हेमलता सेल्वाराज, के सेल्वाराज | 600 | (77542)* | (77542)* | (7392250781)* | (7392251380)* |
| 17 | 07105333 | सरफ़राज़ आलम | 400 | (229118)* | (229118)* | (7460521021)* | (7460521420)* |
| 18 | 05104333 | अनुराधा अरविन्द नायर, अरविंदक्षन पी नायर | 520 | (39444)* | (39445)* | (7382822171)* | (7382822690)* |
| 19 | 00822924 | कमल खनल, जमुना खनल | 640 | (71846)* | (71847)* | (7390714561)* | (7390715200)* |
| 20 | 01389788 | रमा रानी बत्रा, रविंदर कुमार बत्रा | 500 | (130651)* | (130651)* | (7411671601)* | (7411672100)* |
| 21 | 02469588 | जोएहिम परेरा | 500 | (195723)* | (195723)* | (7445080771)* | (7445081270)* |
| 22 | 00710136 | अलोक कुमारडे | 630 | (29369)* | (29370)* | (7380004811)* | (7380005440)* |
| 23 | 01777228 | मुलीबेन रामसंगभाई चौधरी | 650 | (154443)* | (154443)* | (7423939751)* | (7423940400)* |
| 24 | 07410493 | अनिलकुमार एम आर | 110 | (6211061)* | (6211061)* | (8012935994)* | (8012936103)* |
| 25 | 02011105 | कनिका रेलेन | 500 | (168335)* | (168335)* | (7431016901)* | (7431017400)* |

*कोष्ठक में दिए गए आँकड़े स्टॉक विभाजन के परिणामस्वरूप ₹1 के अंकित मूल्य के मौजूदा शेयर्स के विवरण प्रदर्शित करते हैं (रेकॉर्ड का दिनांक 21.11.2014)

**सिक्योरिटीज़ को भौतिक या कागजी रूप में रखने पर उनकी डिलीवरी न होने, बेईमानों द्वारा गलत इस्तेमाल, चोरी के कारण खो जाने, कटने-फटने, गुम हो जाने का खतरा रहता है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सेबी के आदेशानुसार 01.04.2019 से सिक्योरिटी के ट्रांस्फर हेतु किसी ऐसे अनुरोध पर प्रक्रिया नहीं की जाएगी, अगर डिपॉजिटरी के पास धारित सिक्योरिटीज़ डीमैटरियालाइज्ड रूप में न हो.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 21.05.2021

शेयरों की संख्या: (11408)*
प्रमाण पत्रों की संख्या: (31)*

महाप्रबंधक
(शेयर एवं बांड)



**प्रतिवादी को अपील की याचिका दायर होने की सूचना**
**(ऑर्डर XIX, एस. सी. आर. 2013 का नियम 8(I) एवं (III)**
**भारत के उच्चतम न्यायालय में**
**दीवानी अपीलीय न्यायक्षेत्र**
**दीवानी अपील क्र. (एस) 8445-8498, वर्ष 2018**

(बेंगलुरू, कर्नाटक में कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा **डब्ल्यूपी नं. 4470/2015, 56789, 59460, 59587 वर्ष 2014, 27715-716, 31838, 33042, 100996, 101879, 103356, 103391, 103417, 103517-518, 103519, 103520, 103521-522, 103744, 103796, 103978, 103797, 1037977, 103873-103874, 103875-103876, 103877-878, 103970-103971, 34184, 34185, 34186, 34188, 34189, 34190, 34191, 34192, 34193, 35716, 35717, 35718, 35719, 35720, 35721, 35722, 35723, 35724, 35725, 35726, 35727, 35728, वर्ष 2016 में 15 दिसंबर 2017** को जारी आदेश एवं निर्णय से **एसएलपी (सी) नं. 10580-10633 वर्ष 2018** हेतु याचिका में **14 अगस्त 2018** को उक्त न्यायालय के आदेशानुसार प्रदान स्पेशल लीव के जरिये अपील)

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा अन्य इ.** ....अपीलकर्ता

**विरुद्ध**

**द टोबैको इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया इ.** ....प्रतिवादी

**प्रति,**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया लि. चकाला, अंधेरी पूर्व, मुंबई जिला- मुंबई, महाराष्ट्र में पंजीकृत** | **पीआईडी : 78032/2020, सी. ए. नं. 8479/2018 (से. IV-A) में आर(1) हेतु** |
| 2. | **मेसर्स रेनबो इंटरप्राइजेस सोल प्रोप्राइटरशिप, श्री रमेश अग्रवाल, गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया लि. के कैरींग एंड फॉरवार्डिंग एजेंट के जरिये, जिनका वेयरहाउस तथा गोडाउन नं. 18/19, मारूति उद्योग वसाहत, एमआईडीसी वाडी ता., जिला – नागपुर 440028, महाराष्ट्र में है** | **पीआईडी : 77915/2020, सी.ए. नं. 8480/2018 (से. IV-A) में आर(3) हेतु** |

ध्यान दें कि उपरोक्त नामित अपीलकर्ता ने उपरोक्त निर्दिष्ट उच्च न्यायालय के आदेश एवं निर्णय से, उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री में **10 मार्च 2018** को **एसएलपी(सी) नं. 10580-10633 वर्ष 2018** दायर की है तथा अपील हेतु स्पेशल लीव प्रदान करनेवाले उक्त न्यायालय के आदेश दिनांक **14 अगस्त 2018** के अनुपालन में **दीवानी अपील नं. 8445-8498, वर्ष 2018** के तौर पर मामला रजिस्टर्ड किया गया है.

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप मामले में यदि प्रतिवाद के इच्छुक हैं तो आपको उक्त सूचना की प्राप्ति के तीस दिनों के भीतर उक्त न्यायालय के समक्ष या तो व्यक्तिगत रूप से अथवा उक्त न्यायालय के रिकॉर्ड पर मौजूद एवं आपके द्वारा इस बाबत नियुक्त वकील के जरिये इस कार्यवाही में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सहभाग ले सकते हैं.

यह भी सूचित किया जाता है कि इस मौजूदा अपील के साथ **सी.ए. नं. 8438/2018 स्वत्वाधिकारी "कैंसर पेशेंट एड एसोसिएशन विरुद्ध भारत सरकार तथा अन्य"** भी चिन्हित की गई है.

आगे कृपया ध्यान दें कि निर्धारित समय के भीतर आपकी उपस्थिति सुनिश्चित ना होने पर आपकी अनुपस्थिति में अपील कार्यवाही आगे बढ़ा दी जायेगी और इस संबंध में आपको आगे कोई सूचना दिये बिना ही सुनवाई कर निर्णय कर लिया जायेगा.

**दिनांक : अप्रैल, 2021** **सहायक रजिस्ट्रार**

**davp 17102/11/0004/2122**



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट्स प्रा. लि. हेतु लेसी, नवभारत प्रेस लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विनोद माहेश्वरी द्वारा नवभारत भवन, प्लॉट नं. 13, सेक्टर-8, सानपाड़ा (पूर्व), नवी मुंबई- 400 705 से मुद्रित तथा 189-ए, आनंद कॉम्पलेक्स, एस.जी. मार्ग, चिंचपोकली, मुंबई - 400 011 से प्रकाशित. एडिटर इन चीफ- विनोद माहेश्वरी, प्रबंध सम्पादक- निमिष माहेश्वरी. वर्ष 24 अंक 218 RNI Reg. No. 66960/97 To post without prepayment Regr. No. 29, Licence No. 6. मुंबई ■ फोन : 23018222/43551515 फोन : 27756117/ 41573737 दिल्ली : 011- 233 54 237/8. ■ E-Mail-mumbainbp@gmail.com (गोवा के लिए एयर सरचार्ज-1 रुपए).